**वसूली** | कोतमा में धान उपार्जन केंद्रों में नहीं थम रही अवैध वसूली, किसानों से खुली लूट जारी

# चेकर का आतंक, पैसे दो तभी होगा धान पास

**जमुना कोतमा, नवभारत 27 दिसंबर। जिले के कोतमा क्षेत्र में धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों का शोषण गंभीर रूप ले चुका है। किसानों का आरोप है कि धान खरीदी व्यवस्था अब संगठित वसूली सिस्टम बन गई है, जहां 500 से 1000 रुपये दिए बिना धान पास नहीं किया जाता। राशि नहीं देने पर धान रिजेक्ट करने, डराने-धमकाने और अपमानित करने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।**

कोतमा क्षेत्र के कई खरीदी केंद्रों में चेकरों की मनमानी चरम पर बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा पल्लेदारी, सिलाई और परिवहन की राशि तय होने के बावजूद उनसे अवैध वसूली की जा रही है। समाचार प्रकाशन के बाद भी न तो प्रशासन ने छापेमारी की और न ही दोषियों पर ठोस कार्रवाई की गई।





### 40 की जगह 42 किलो धान लिया जा रहा

दुलहरा धान खरीदी केंद्र में हालात और भी गंभीर हैं, जहां किसानों को स्वयं तौल और सिलाई करने को मजबूर किया जा रहा है। 40 किलो के मानक बोरे की जगह 41 किलो धान लिया जा रहा है, जिससे प्रति बोरा किसानों को सीधा नुकसान हो रहा है। विरोध करने पर धान रिजेक्ट किए जाने का आरोप है। इस पूरे मामले में लैम्पस प्रबंधक सैयद नफीस (अमलाई) का नाम सामने आया है। किसानों का आरोप है कि प्रबंधन की जानकारी और संरक्षण में ही अवैध वसूली चल रही है।

### स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित खरीदी केंद्रों में सबसे अधिक गड़बड़ी

संवाददाता के निरीक्षण में सबसे अधिक गड़बड़ी स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित खरीदी केंद्रों में पाई गई। किसानों का कहना है कि सरकारी समितियों पर कुछ नियंत्रण है, लेकिन स्व सहायता समूहों पर कोई अंकुश नहीं दिखता। जिन समूहों पर सवाल उठे हैं, उनमें प्रिया, जय मां लक्ष्मी, प्रियंका, प्रकाश, गायत्री, वैष्णवी, नर्मदा, संस्कार, दुर्गा समिति, महिला विकास तथा नर्मदा (बहपुर) स्व-सहायता समूह शामिल हैं।

### किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द एफआईआर और सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन और चकाजाम करेंगे। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ



# हनुमान मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

**बिजुरी पुलिस ने आरोपी को दुर्ग से किया गिरफ्तार**

**बिजुरी, नवभारत 27 दिसंबर।** बिजुरी की हृदयस्थली हनुमान मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य तथा थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही की गई।

घटना की जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी जीवनलाल द्विवेदी ने 30 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 नवंबर की रात पूजा-अर्चना के बाद मंदिर में ताला लगाकर वे घर चले गए थे। अगले दिन सुबह वे पहुंचे तो मंदिर का ताल टूटा मिला तथा मुकुट और दानपेटी में रखी नगदी चोरी हो चुकी थी। इस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### चोरी में प्रयुक्त एक्सल रॉड व मुकुट बरामद

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच तेज की। इसी दौरान जानकारी मिली कि भिलाई पावर हाउस थाना (छत्तीसगढ़) में मंदिर चोरी के एक आरोपी को पकड़ा गया है। फोटो मिलान में उसकी पहचान बिजुरी मंदिर चोरी के संदिग्ध रामचंद्र सिंह राठौर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी कबूल की तथा बताया कि चोरी किया गया मुकुट उसने विकास सोनी निवासी अनूपपुर को बेचा था। पुलिस ने आरोपी से चोरी में प्रयुक्त एक्सल रॉड व चोरी गया मुकुट बरामद किया।

# जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मार्को

**ग्राम जीलंग में मनाया गया वॉटरशेड महोत्सव**




**अनूपपुर, नवभारत 27 दिसंबर।** जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। इसके समाधान के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, अपितु हमारा नैतिक दायित्व है। यह बात पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने ग्राम पंचायत जीलंग में आयोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत हुए वाटरशेड महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। विधायक मार्को ने कहा कि वाटरशेड मिशन के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को जल संरक्षण एवं संवर्धन गतिविधियों से अधिक से अधिक जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

### कृषकों को मिल रहा लाभ : श्याम

कार्यक्रम में उपस्थित पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि वॉटरशेड योजना के माध्यम से हुए कार्यों से क्षेत्र के कृषकों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने सब्जी उत्पादन एवं टमाटर की खेती में सफलता प्राप्त होने पर वाटरशेड समितियों को बधाई देते हुए अन्य ग्रामीणों और किसानों को भी स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने की बात कही।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए

पूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर आर्थिक स्थिति मजबूत करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान वॉटरशेड यात्रा अभियान के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक गतिविधियों जिसमें कार्यों

### सामुदायिक भवन का रेल प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** 26 दिसंबर को पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के मदनमहल स्थित उत्सव रेल सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभ उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के करकमलों से सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्सव रेल सामुदायिक भवन के मंच पर नवीन मैकेनाइज्ड करटेन सिस्टम का बटन दबाकर औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिससे भवन को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# रेलवे फ्लाईओवर का कार्य जल्द पूरा करेगी

**▸ रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने किया अनूपपुर स्टेशन का निरीक्षण**



**अनूपपुर, नवभारत 27 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के नव नियुक्त मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने बुधवार को बिलासपुर से बुढ़ार तक रेल खण्ड का विस्तृत विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेंड्रा रोड, अनूपपुर सहित विभिन्न स्टेशनों की यात्री सुविधाओं, सुरक्षा मानकों एवं परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की। डीआरएम ने अनूपपुर पहुँचने के पूर्व दपूम रेलवे के 220/2×25 केव्ही उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। यहाँ पर नगर के पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यक मांगों की जानकारी प्राप्त की।

### जिला विकास मंच ने सौंपा ज्ञापन

जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट, नगर पालिका प्रतिनिधि विनोद सोनी, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद बियानी, राजेश शिवहरे एवं चैतन्य मिश्रा ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद डीआरएम रेलवे ट्रैक मार्ग से पदयात्रा करते हुए निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने तकनीकी प्रगति की जानकारी लेकर विश्वास दिलाया कि रेलवे अपना कार्य एक माह के भीतर पूरा कर देगी।

### फुटओवर ब्रिज का निरीक्षण किया

विशेष ट्रेन से अनूपपुर जंक्शन पहुंचकर उन्होंने प्लेटफार्मों पर निर्माणाधीन पैदल पुल (फुटओवर ब्रिज) का निरीक्षण किया। इंजीनियरों ने बताया कि पुल पूर्ण होने पर कटनी दिशा में स्थित पुराने पुल को हटाया जाएगा तथा नए पुल में यात्रियों के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी। डीआरएम ने प्लेटफार्म पर बन रहे वेटिंग हॉल एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। यहां आम नागरिकों ने शौचालय के अभाव में हो रही गंदगी की समस्या बताई। इस पर डीआरएम ने कहा कि पीक यात्री सुविधा होने के बावजूद सुलभ कॉम्प्लेक्स जैसी जरूरी सुविधा योजना से छूट जाना एक गंभीर कमी है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर में



### वीबी जी राम जी अधिनियम के संबंध में दी जानकारी

**अनूपपुर, नवभारत 27 दिसंबर।** भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 के स्थान पर विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी अधिनियम लागू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस नए अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से 26 दिसंबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को वीबी जी राम जी अधिनियम से जुड़ी योजनाओं, रोजगार के अवसरों तथा आजीविका संवर्धन के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



### कड़ाके की ठंड के बीच उमड़ी पर्यटकों की भीड़

**अमरकंटक, नवभारत।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली और पवित्र तीर्थ अमरकंटक में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से सुबह-सुबह पाला जमने से पूरा क्षेत्र सफेद चादर में लिपटा नजर आता है। ठिठुरन भरे मौसम के बावजूद यहां प्राकृतिक सुषमा और आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लेने पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नए वर्ष 2026 के आगमन से पूर्व देश-प्रदेश से आए श्रद्धालु व पर्यटक नर्मदा मंदिर समेत आसपास के सभी पर्यटन स्थलों में दर्शन एवं भ्रमण का आनंद ले रहे हैं। पर्यटक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर अमरकंटक की सुंदरता साझा कर रहे हैं, जिससे इसे ऑनलाइन भी खूब लोकप्रियता मिल रही है। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।

### ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** ट्रक चालक के साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाईल झपटने वाले दो आरोपियों को वेंकटनगर पुलिस चौकी ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी रामनरेश यादव 15 दिसंबर की रात लगभग 11 बजे अपने ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीआर 9130 से लकड़ी लोड कर ओपीएम अमलाई की ओर जा रहा था। उसी दौरान वेंकटनगर में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने ट्रक को ओवरटेक कर रुकवाया और चालक को नीचे उतारकर 6 हजार 500 कीमत का मोबाइल छीन लिया एवं मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की। सायबर सेल की मदद से पुलिस टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में राकेश साहू व शोभित रौतेल है।

### स्वर्ण सरोवर गीतमाला में गूंजे सुर

**नवभारत, जबलपुर।** डिसिल्वा स्कूल सभागार में स्वर्ण सरोवर गीतमाला के तत्वावधान में गीत-संगीत का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी पूजन, वीर बाल पुण्य स्मरण एवं धार्मिक गीतों से हुआ। इसके पश्चात सदाबहार सुमधुर गीतों की स्वर लहरियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कारधानी के गौरव, इंडियन आइडल फेम तनिष्क शुक्ला के समर्थन में श्रेया खंडेलवाल ने वोटिंग अपील की और 100 वोट देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उपस्थित कलाकारों एवं श्रोताओं ने तनिष्क को अधिकतम वोट दिलाने का संकल्प लिया।

# महान विभूतियों के आदर्शों का करें अनुसरण



**अमरकंटक, नवभारत 27 दिसंबर।** मां नर्मदा की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शिक्षाविद् महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति व प्रेरणादायी भावना से सराबोर रहा। वक्ताओं ने वाजपेई के ओजस्वी नेतृत्व, संवेदनशील कवि-हृदय तथा मालवीय के शिक्षा, राष्ट्रवाद एवं समाजोत्थान में अद्वितीय योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति एवं सामाजिक समरसता से युक्त रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। वरिष्ठ शिक्षक राजीव कुमार झा एवं सचिन कुमार जाटव ने अपने उद्बोधन में इन महामानवों के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया। संगीत शिक्षक शेख वहीद और शिक्षिका मनोरमा कौशल द्वारा प्रस्तुत गीतों से वातावरण और अधिक मधुर एवं भावपूर्ण बन गया। इसी क्रम में विद्यालय में क्रिसमस डे भी सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ उल्लासपूर्वक मनाया गया।



# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए

**प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाती तो कार्रवाई की जाएगी**

**अनूपपुर, नवभारत 27 दिसंबर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा एवं अधोसंरचना मद के अंतर्गत संचालित सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्तायुक्त पूर्णता सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में उन्होंने साप्ताहिक क्लस्टर स्तरीय बैठकों में कार्य-वार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्देशों के उपरांत भी यदि प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाती है, तो संबंधितों की जिम्मेदारी निर्धारित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में जिले के ग्रामीण विकास कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

### आवंटित बजट का समय पर सदुपयोग करें

सीईओ ने आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवंटित बजट का समय पर सदुपयोग तथा योजनाओं से संबंधित डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि सखियों के सहयोग से एक बगिया मां के नाम पौधारोपण एवं फेंसिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा आधार अपडेट कार्य में तेजी लाने को कहा।

### समस्याओं का तत्काल निराकरण करें

बैठक में मनरेगा अंतर्गत जलगंगा संवर्धन अभियान, खेत तालाब, डकवेल रिचार्ज तथा अतिरिक्त चार्ज जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने कहा कि कार्य में आ रहीं समस्याओं का चिन्हांकन कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# अटल के आदर्शों को आत्मसात करें : सिंह




**अनूपपुर, नवभारत 27 दिसंबर।** सुशासन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड अनूपपुर के सेक्टर 1 अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन कदमटोला में 25 दिसंबर को अटल जयंती एवं जल संचयन अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी पुण्य स्मृति में की गई। नवांकुर संस्था रामकिशोर सिंह जन उत्थान समिति के सचिव नागेंद्र सिंह ने अटल के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं सुशासन की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

**धर्म** | कल्याण सेवा आश्रम में 31वां अष्टोत्तर शत 108 श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ, कलश यात्रा ने किया नगर भ्रमण

# सांसारिक आसक्ति त्यागकर चित्त को श्रीहरि में स्थिर करें : शास्त्री

**अमरकंटक, नवभारत 27 दिसंबर।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली और पवित्र तीर्थराज अमरकंटक में हरि-नाम, वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति सुरों से नगर एक बार फिर श्रद्धामय हो उठा। कल्याण सेवा आश्रम में सप्तदिवसीय 31वाँ अष्टोत्तर शत 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को वैदिक विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

प्रात:काल आश्रम परिसर से भव्य एवं अलौकिक कलश यात्रा निकालकर धार्मिक आयोजन की शुरुआत की गई। पारंपरिक वेशभूषा पहने श्रद्धालु—सिर पर कलश धारण किए, भजन-कीर्तन करते—नगर भ्रमण करते हुए मां नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचे। वहां विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती के पश्चात कलशों की प्रतिष्ठा कथा स्थल पर की गई, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।





### भागवत कथा 1 जनवरी तक चलेगी

यह विशाल आध्यात्मिक अनुष्ठान श्री भागवत सेवा संस्थान, हावड़ा (कोलकाता) एवं वृंदावन के भक्त समुदाय के सहयोग से आयोजित किया गया है। कथा व्यास पंडित राधेश्याम शास्त्री महाराज (वृंदावन) भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा वाचन में आचार्य मुरारी दाधीच (बेंगलुरु) का भी मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। कथा प्रतिदिन प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक 1 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस दिव्य आयोजन में कोलकाता एवं हावड़ा से आए एक हजार से अधिक भक्त भागवत श्रवण का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं।

### श्रीमद् भागवत भगवान की सजीव कृपा है

कथा के प्रथम दिवस पर पंडित राधेश्याम शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान की सजीव कृपा है। इससे जो भी मांगा जाए—धन, संतान, सुख या मोक्ष—सब प्राप्त होता है। और यदि कोई गोविंद को ही मांग ले, तो वे स्वयं भक्त के द्वार तक आ जाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कथा श्रवण के दौरान क्रोध, अहंकार व सांसारिक आसक्ति त्यागकर चित्त को श्रीहरि में स्थिर करें।

### नानी बाई मायरो का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित

उन्होंने यह भी कहा कि अमरकंटक जैसी पुण्यभूमि पर तन-मन से कथा सुनने का सौभाग्य विरले ही मिलता है। महोत्सव की आध्यात्मिक गरिमा बढ़ाने हेतु नानी बाई मायरो का चार दिवसीय विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। कोलकाता की सुप्रसिद्ध नृत्य-नाटिका मंडली द्वारा यह प्रस्तुति 27 से 30 दिसंबर प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से होगी।